<u>*प्रेस विज्ञप्ति*</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>पंतनगर वेटरनरी डॉक्टरों ने 61वें शपथ समारोह में ली सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा</u>

पंतनगर। 6 दिसम्बर 2025। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में बैच 2020 का 61वां शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जहाँ भावी पशु चिकित्सकों ने सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की पवित्र प्रतिज्ञा ली। प्रतिज्ञा लेने के बाद, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को प्रमाण–पत्र दिए गए, जिनमें अपूर्वा रावत (प्रथम), अविनाश पराशर पांडेय (द्वितीय) और दीक्षा उप्रेती (तृतीय) शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा. अमरेश कुमार (पूर्व कार्यवाहक कुलपति एवं अधिष्ठाता) उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को शपथ दिलाई और उज्जवल भविष्य हेतु कठिन पारिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। समारोह की अध्य क्षता कुलपति प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने की, जिन्होंने छात्रों को आशीर्वाद दिया तथा विभिन्न विषयों में पारंगत होने तथा विशेषज्ञता प्राप्त करके देश व समाज की सेवा कर विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ाने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय ने विद्यार्थियों को उनके समर्पण एवं सेवाभाव हेतु विशेष सराहना की। अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद ने विद्यार्थिओं द्वारा हासिल की हुई दक्षता को पशुसेवा हेतु उपयोग करने की अपील की। इंटर्नशिप प्रभारी डा. मंजुल कांडपाल ने विद्यार्थिओं को उज्जवल भविष्य हेतु विश्वविद्यालय के शिक्षकों की तरफ से विशेष शुभकामनायें दीं।

इस अवसर पीयूष पाण्डेय, जागृति उप्रेती, फैज़ान अहमद, सुभाष कुमार, राहुल जोशी, अपूर्वा रावत, बारीशा अली, रितिप्सा भट्ट, स्नेहा कुमारी, स्नेहा नेगी, सौरभ सिंह, आभा रावल, आकांक्षा पाण्डेय, वैशाली नेगी, सुनीता रावत तथा नीरज बिष्ट को उनकी उपलब्धियों हेतू सम्मानित किया गया। मंच पर अधिष्ठाता डा. ए.एच. अहमद, कुलसचिव डा. दीपा विनय और इंटर्नशिप प्रभारी अधिकारी डा. मंजुल कांडपाल भी मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन डा. मंजुल कांडपाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण एवं पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित थे।



